आज नहीं तो कल राम मिलेंगे

आज नहीं तो कल राम मिलेंगे,
मेरा ये ही दावा है,
तेरे सब दुख दर्द मिटेंगे,
ये भी मेरा दावा है।।

जिस ने पाई शरण प्रभु की,
उस को कौन सतायेगा,
जिसकी डोर संभाली उसने,
कैसे धोका खायेगा,
वो तेरी पतवार बनेंगे,
ये भी मेरा दावा है,
आज नही तो कल राम मिलेंगे,
मेरा ये ही दावा है,
तेरे सब दुख दर्द मिटेंगे,
ये भी मेरा दावा है।।

ध्रुव प्रहलाद भक्त शबरी ने,
हरी से लगन लगाई थी,
कलयुग में वृषभान दुलारी,
मीरा बनकर आई थी,
सुबह नहीं तो शाम मिलेंगे,
ये भी मेरा दावा है,
आज नही तो कल राम मिलेंगे,
मेरा ये ही दावा है,
तेरे सब दुख दर्द मिटेंगे,
ये भी मेरा दावा है।।

आज नहीं तो कल राम मिलेंगे,
मेरा ये ही दावा है,
तेरे सब दुख दर्द मिटेंगे,
ये भी मेरा दावा है।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25617/title/aaj-nahi-to-kal-ram-milenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |